


दिलों पर राज करते हैं धोनी

हर बार की तरह धोनी का अगला नया लुक भी कल्पना से परे था। इस बार धोनी ने मोहॉक लुक अपनाया था। साल 2013 में आईपीएल के मैच के दौरान धोनी अपने इस नए लुक में नजर आए थे। अपने बालों के साथ कई तरह के एक्सपेरिमेंट करने के बाद धोनी ने जब सॉल्ट एंड पेपर लुक अपनाया तो लोग हर बार की तरह इस बार भी काफी हैरान थे। हालांकि वक्त के साथ माही के इस नए अंदाज को भी लोगों के दिलों में जगह मिली।

# बालों की स्टाइल के साथ अब दाढ़ी भी चेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भले ही क्रिकेट के मैदान से दूर हों लेकिन वो सुर्खियों में हमेशा रहते हैं। अब माही ने अपनी हेयर स्टाइल फिर से चेंज कर दी हैं। धोनी के फैंस को उनका ये नया लुक काफी भा रहा है और फैंस उनके इस लुक को अलग–अलग नाम भी दे रहे हैं। धोनी अपने लुक्स को लेकर काफी बदलाव करते रहते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की फैन फॉलोइंग की जबरदस्त है। अब हाल ही में महेंद्र ने फिर एक अलग हेयरस्टाइल ट्राई किया है। इतना ही नहीं धोनी ने इस बार बियर्ड का लुक भी बदल दिया है। धोनी को ये नया हेयर स्टाइल, आलिम खान ने दिया है जो पॉपुलर हेयर स्टाइलिस्ट हैं। धोनी के हेयर स्टाइल के साथ उनकी बियर्ड को भी नया लुक दिया गया है। आलिम खान ने अपने साथ माही की फोटो भी ट्वीट की है। साल 2004 में जब इंटरनैशनल क्रिकेट में धोनी ने डेब्यू किया था, तब उनके बाल काफी लंबे थे और बालों पर वह सुनहरा कलर करते थे। वह काफी समय तक इसी गोल्डन स्ट्रीक्स हेयरस्टाइल में नजर आए।

# पीवी सिंधु ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, पदक के करीब पहुंचीं

**ओलंपिक**

## भारत का एक और पदक लगभग हो गया पक्का

सीधे सेटों में मेजबान जापान की यामागुची को मात दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। टोक्यों ओलंपिक 2020 में भारत ने अब तक सिर्फ एक ही पदक जीता था, लेकिन अगले कुछ दिन में भारत की झोली में कुछ और पदक होने वाले हैं, क्योंकि कई खिलाड़ियों ने पदक का दावा पेश कर दिया है। इसी कड़ी में टोक्यो ओलंपिक में वुमेंस बैडमिंटन सिंगल्स प्रतिस्पर्धा में भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सेमीफाइन में जगह बना ली है। इसी के साथ भारत का एक और पदक लगभग पक्का हो गया है।

भारतीय दिग्गज और रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के महिला एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापान की Akane Yamaguchi को 21–13 और 22–20 से हरा दिया। पीवी सिंधु ने Musashino Forest Plaza Court 1 पर शुक्रवार को सीधे सेटों में यामागुची को मात दी और टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु को मिली जीत उनको एक और ओलंपिक पदक के करीब ले गई है।




पीवी सिंधु ने एकाने यामागुची को 56 मिनट तक चले मुकाबले में बुरी तरह से हरा दिया। बता दें कि यामागुची मौजूदा समय में रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी हैं। इसी के साथ उनका सफर इस टूर्नामेंट से समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि रियो ओलंपिक में पीवी सिंधु ने रजत पदक अपने नाम किया था। 2016 में हुए समर ओलंपिक में पीवी सिंधु को वुमेंस सिंगल्स बैडमिंटन के फाइनल में Carolina Marin से हार मिली थी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर पीवी सिंधु सेमीफाइनल मैच जीत जाती है तो सिल्वर या फिर गोल्ड मेडल पक्का है, लेकिन सेमीफाइनल हारने के बाद उनको कांस्य पदक के लिए लड़ाई लड़नी होगी। हालांकि, पीवी सिंधु जैसी खिलाड़ी, जो कि ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी है वो अब सोने की महक के लिए जी जान से सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेलेगी और देश का नाम रोशन करेगी।

# क्रुणाल पंड्या के बाद दो और खिलाड़ी भी निकले पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। टीम इंडिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। पहले क्रुणाल पंड्या कोरोना संक्रमित पाए गए तो आनन–फानन में आधी से ज्यादा टीम बदलनी पड़ी थी। गुरुवार रात शर्मनाक प्रदर्शन के बाद टी–20 सीरीज भी हाथ से निकल गई। अब खबर है कि स्क्वॉड के दो अन्य सदस्य कोविड पॉजिटिव हो गए हैं।

क्रुणाल पंड्या के करीबी संपर्क वाले जिन आठ खिलाड़ियों को आइसोलेशन में भेजा गया था, उनमें से युजवेंद्र चहल और कृष्णप्पा गौतम की रिपोर्ट पॉजिटिव है। हार्दिक पंड्या, पृथ्वी साव, सूर्यकुमार यादव, मनीष पांडे, दीपक चाहर और ईशान किशन अंतिम दो टी–20 मुकाबले नहीं

क्रुणाल के साथ कोलंबो में ही रहेंगे तीनों

खेले थे, इन्हें टीम से अलग–थलग रखा गया था।

27 जुलाई को दूसरे टी–20 से ठीक पहले क्रुणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव होने की खबर आई थी, जिसके बाद दूसरे टी–20 को एक दिन के लिए टाल दिया गया था। तब से क्रुणाल टीम से अलग रह रहे थे। अब युजवेंद्र और कृष्णप्पा गौतम भी उनके साथ कोलंबो में तबतक रुकेंगे, जब तक अगली कोरोना रिपोर्ट निगेटिव नहीं आ जाती। करीबी संपर्क वाले अन्य छह खिलाड़ी आज भारत के लिए रवाना हो सकते हैं, जबकि बाकी का स्क्वॉड पहले ही स्वदेश की उड़ान भर चुका है।

**श्रीलंका में 10 दिन का जरूरी आइसोलेशनः** युजवेंद्र और गौतम अन्य छह खिलाड़ियों के साथ गुरुवार को कोरोना निगेटिव पाए गए थे। श्रीलंकाई सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, कोरोना संक्रमित होने वाले किसी भी व्यक्ति को कम से कम 10 दिनों के लिए आइसोलेशन में रहना जरूरी है। फिर नए सिरे से टेस्ट और निगेटिव रिपोर्ट के बाद ही देश छोड़ने की अनुमति दी जाती है। पूरे मामले ने पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव की भी परेशानी बढ़ाई है, जो श्रीलंका दौरा खत्म करते ही इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के लिए उड़ान भरने वाले थे। तीसरे और आखिरी टी–20 में भारतीय टीम अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो जाती, लेकिन कुलदीप 11 ओवर तक क्रीज पर जमे रहे।

## सैमसन के प्रदर्शन से निराश हैं आकाश चोपड़ा, बोले सभी मौके गंवाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा का ऐसा मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने सुनहरा मौका गंवा दिया है। श्रीलंका के इस दौरे में भारतीय टीम के कई अहम खिलाड़ी मौजूद नहीं थे। और ऐसे में सैमसन के पास खुद को साबित करने का पूरा मौका था लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए। 26 वर्षीय संजू सैमसन ने अपने ODI डेब्यू मैच में 46 रन बनाए। जिसके चलते उनसे उम्मीदें काफी बढ़ गई थीं। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने टी–20 सीरीज के पहले मुकाबले में 27 रन दूसरे में 7 रन बनाए। वहीं गुरुवार को खेले गए आखिरी मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। सैमसन की सिर्फ बल्लेबाजी ने ही निराश नहीं किया बल्कि वह विकेट के पीछे भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सैमसन के पास काफी मौके थे। उनके पास अपने आलोचकों को जवाब देने का मौका था। लेकिन वह ऐसा करने में असफल रहे और उन्होंने अपने सभी मौके गंवा दिए।

## न्यूज डायरी



## लवलीना बोरगोहाईं ने अपने दमदार पंचों से गोल्ड की उम्मीद बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहाईं ने शुक्रवार को अपने दमदार पंचों से ऐसी कमाल कर दिखाया जिसने पूरे देश को झूमने का मौका दिया। शानदार खेल दिखाते हुए रिंग में चीनी ताइपे खिलाड़ी निएन चिन चेन को पस्त करते हुए इस स्टार मुक्केबाज ने भारत के टोक्यो ओलिंपिक के दूसरे पदक के इंतजार को खत्म किया। 4–1 की बड़ी जीत के साथ लवलीना ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की और भारत का मुक्केबाजी में कांस्य पदक पक्का हो गया। असम की मुक्केबाज लवलीना ने शुक्रवार को 69 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले में चीनी ताइपे की खिलाड़ी को मात दी और भारत के लिए मुक्केबाजी में कांन्य पदक को पक्का कर दिया। अब सेमीफाइनल में भारतीय मुक्केबाज जब नंबर वन सीड तुर्की की खिलाड़ी के खिलाफ उतरेंगी तो नजर फाइनल का टिकट हासिल कर सिल्वर मेडल पक्का करने की होगी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत की बेटी को टोक्यो ओलिंपिक में शानदार कामयाबी हासिल करने के लिए शुभकामना संदेश दिया है।

## निशाने से भटके दीपिका के तीर, झारखंड के खेल प्रेमियों में निराशा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। टोक्यो ओलिंपिक में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बावजूद रांची की दीपिका कुमारी व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक जीतने से चूक गई। लगातार तीसरा ओलिंपिक खेल रही दीपिका कुमारी क्वार्टर फाइल मुकाबेल में कोरिया की एन शान के हाथों 27–30, 24–26, 24–26 से हार कर बाहर हो गई। दीपिका ओलिंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय तीरंदाज है। दीपिका के हार के बाद झारखंड के खेल प्रेमियों में निराशा छा गई। शुक्रवार की सुबह झारखंड के खिलाड़ी, खेल प्रेमी टीवी से चिपक गए थे और उन्हें उम्मीद थी कि दीपिका पदक जीतने में सफल रहेगी। दीपिका ने अंतिम 16 का मुकाबला 6–5 से जीत कर लोगों की उम्मीद को मजबूत किया। लेकिन कोरिया के तीरंदाज के खिलाफ वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी।

## भारतीय महिला हॉकी को मिली जीत, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को टोक्यो में ओई हॉकी स्टेडियम नॉर्थ पिच पर आयरलैंड को 1–0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत की महिला टीम का टोक्यो ओलिंपिक के हॉकी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बरकरार हैं। इससे पहले, रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को अपने पहले तीन ग्रुप–स्टेज मैच में हार का सामना करना पड़ा था। भारत और आयरलैंड के बीच मैच के पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और पहले 15 मिनट की समाप्ति के बाद, स्कोरलाइन 0–0 रही। दूसरे क्वार्टर में भी कहानी में कुछ बदलाव नहीं आया और हाफटाइम तक दोनों टीमों में से कोई गोल नहीं कर पाया। ऐसे में रानी रामपाल की अगुवाई टीम दबाव में दिखाई दे रही थी। तीसरे क्वार्टर में भी कोई गोल नहीं हुआ। इसके बाद नवनीत कौर ने आखिरकार चौथे क्वार्टर में गोल किया।

## मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम ने रिंग ड्रेस को लेकर उठाया सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक में पदक की सबसे बड़ी दावेदार एमसी मेरीकॉम प्री–क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारकर बाहर हो गईं। मेरीकॉम ने खराब अंपायरिंग के लिए पहले अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति को जिम्मेदार ठहराया उसके बाद उन्होंने ऐन वक्त पर उनकी ड्रेस बदलने को लेकर भी सवाल किए हैं। 6 बार की विश्व विजेता मुक्केबाज एमसी. मैरीकॉम ने शुक्रवार सुबह मैरीकॉम की ओर से ट्वीट कर बताया कि मैच शुरू होने से चंद मिनट पहले उन्हें ड्रेस बदलने को कहा गया था। एमसी. मैरीकॉम ने अपने ट्वीट में कहा, 'चौंकाने वाला है, क्या कोई एक्सप्लेन कर सकता है कि रिंग की ड्रेस क्या होगी।